पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
POWER GRID CORPORATION OF INDIA LIMITED
(A Government of India Enterprise)

PRESS RELEASE
FOR IMMEDIATE USE

पीई सर्वेक्षण 2021-22 में सेवा क्षेत्र की विभिन्न श्रेणियों में पहले स्थान पर पावरग्रिड

नई दिल्ली, 05 जनवरी 2023

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत महारत्न सीपीएसई, को वित्त मंत्रालय के लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा हाल ही में प्रकाशित सार्वजनिक उद्यम सर्वेक्षण 2021-22, में सेवा क्षेत्र में सकल ब्लॉक, मूल्य संवर्धन, शुद्ध लाभ, निवल मूल्य, लाभांश घोषणा और केंद्रीय राजकोष श्रेणियों में योगदान हेतु टॉप कंपनियों की सूची में पहला स्थान दिया गया है। इसके साथ ही देश की 10 सर्वाधिक लाभ कमाने वाले सीपीएसई की सूची में भी तीसरा स्थान दिया गया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में सीपीएसई की प्रगति और योगदान को मापने के लिए यह सार्वजनिक उद्यम सर्वेक्षण, एक अनूठा डेटा रिपॉजिटरी है।

दिनांक 31 दिसंबर, 2022 तक पावरग्रिड और इसकी सहायक कंपनियों की कुल पारेषण परिसंपत्तियों में 1,73,791 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनें, 270 सबस्टेशन और 4,93,043 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता शामिल है। अत्याधुनिक रखरखाव तकनीकों, स्वचालन और डिजिटलीकरण के उपयोग के साथ, पावरग्रिड ने ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता को 99% से अधिक बनाए रखा है।

Issued by:

Team Corporate Communications
Follow us on twitter: @pgcilindia
www.powergrid.in
e-mail: powergrid.pr@powergrid.co.in